राजकीय महाविद्यालय, सूरतगढ

दिनांक 03.01.2020

दिनांक 03.01.2020 को प्रातः 10:30 बजे महाविद्यालय के खेल मैदान में महाविद्यालय में संचालित एक भारत श्रेष्ठ भारत इकाई के तत्वाधान में Inter House खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 26 प्रतिभागियों ने भाग लिया। House के नाम आसाम के प्रसिद्ध व्यक्तित्व के नाम पर रखे गये। विद्यार्थियों के दो House बनाये गये जिनके नाम गोपीनाथ बोरदोलाई, ज्योति प्रसाद अग्रवाल रखा गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र–छात्राओं को आसाम के प्रसिद्ध व्यक्तित्व के बारे मे जानकारी देना था। इस खेल प्रतियोगिता में दौड़, बेडमिंटन एवं शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में दौड़ प्रतियोगिता के विजेता ज्योति प्रसाद अग्रवाल House रहा जबकि बेडमिंटन व शतरंज प्रतियोगिता गोपीनाथ बोरदोलाई House ने जीती। प्रतियोगिता के अंत में इतिहास व्याख्याता श्री बलराम चौधरी ने विद्यार्थियों को आसाम के इतिहास व संस्कृति के विषय में संक्षिप्त जानकारी दी। श्री बलराम ने आसाम के नामकरण एवं राज्य के निर्माण इतिहास के बारे में बताया तथा असम के कामख्या देवी मंदिर, असम की भाषा व संस्कृति के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षक श्री राजवीर सिंह के निर्देशन में ये खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता के अंत में एक भारत श्रेष्ठ भारत इकाई के प्रभारी श्री महबूब खान मुगल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम अधिकारी

3/1/20

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय, सूरतगढ

Scanned with CamScanner